प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक: 26 फरवरी 2026, गोरखपुर

गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड सेंटर गोरखपुर द्वारा ओजस्वी क्रांतिकारी एवं तेजस्वी विचारक विनायक दामोदर सावरकर (‘स्वातंत्र्यवीर’ सावरकर) की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।

राष्ट्र की स्वतंत्रता, सांस्कृतिक अस्मिता एवं अखंडता के लिए उनका त्याग और संघर्ष भारत के इतिहास में सदैव स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। उनका संपूर्ण ओजस्वी जीवन राष्ट्रभक्ति की अनंत प्रेरणा का स्रोत है।

उनकी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में 14 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर डॉ. अवधेश अग्रवाल, ब्लड बैंक अधिकारी, ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और यह किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने का श्रेष्ठ माध्यम है।

रक्तदान शिविर को सफल बनाने में समस्त कर्मचारियों एवं सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन समिति ने सभी सहयोगियों और रक्तदाताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।